रोहतक

मंगलवार, 22 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी/त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 172
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 35.3
न्यून. 25.4


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़ौतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,200.34 | 442.61 ▲ |
| निफ्टी | 25,090.70 | 122.30 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,020/- | 250/- ▲ |
| चांदी | 1,11,000/- | 500/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.31 | 15 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 68.93 बैरल 0.48% ▲


*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

अचानक पद छोड़कर चौंकाया, स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला, अनुच्छेद 67 (ए) का पालन किया

# जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने किया मंजूर, संसद सत्र के बीच त्यागपत्र देने वाले पहले उपराष्ट्रपति बने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (74) ने सोमवार शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने संसद के मानसून सत्र पहले दिन ही और जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग से पहले ही पद छोड़कर सबको चौंका दिया। धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया और कहा कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस्तीफे को मंजूर कर लिया।



### बंगाल के राज्यपाल रहने के दौरान विवादों में रहे

धनखड़ 30 जुलाई 2019 को पश्चिम बंगाल के 28वें राज्यपाल बने थे। इस दौरान वे बंगाल की ममता सरकार के साथ टकराव के कारण हमेशा विवादों में रहे। वे 1989 से 1991 तक राजस्थान के झुंझुनू से लोकसभा सांसद रहे। 1989 से 1991 तक वीपी सिंह और चंद्रशेखर की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे।

### अभी दो साल का कार्यकाल बचा था

धनखड़ ने अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभाला था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था।

***कांग्रेस ने कहा :*** *कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उपराष्ट्रपति का अचानक इस्तीफा देना जितना चौंकाने वाला है उतना ही समझ से परे है। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं और उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं।*

### ऐसे पहले उपराष्ट्रपति

इस समय संसद का मानसून सत्र चल रहा है। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होते हैं। सत्र के बीच में पद से इस्तीफा देने वाले धनखड़ पहले उपराष्ट्रपति हैं।

### कृष्णकांत का पद पर रहते हुए हुआ था निधन

27 जुलाई 2002 को कृष्णकांत का पद पर रहते हुए हृदय गति रुकने से निधन हो गया था, तब उनके कार्यकाल के कुछ सप्ताह बचे थे। इसके बाद नया चुनाव हुआ और भैरो सिंह शेखावत को उपराष्ट्रपति चुना गया।

***वीवी गिरी और आर वेंकटरमन के बाद कार्यकाल के दौरान इस्तीफा देने वाले तीसरे उपराष्ट्रपति बने।***

### भविष्य की संभावनाएं

उपराष्ट्रपति के पद के लिए नए उम्मीदवार की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। संविधान के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा किया जाता है। बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के पास संसद में बहुमत होने के कारण, यह संभावना है कि नया उपराष्ट्रपति सत्तारूढ़ गठबंधन का कोई करीबी नेता होगा। नियमों के अनुसार उपराष्ट्रपति पद के लिए अगले 6 माह के भीतर चुनाव करवाना आवश्यक है। राज्यसभा के उपसभापति नए उपराष्ट्रपति के निर्वाचित होने तक सदन की कार्यवाही संचालित कर सकते हैं। बता दें कि हाल ही में धनखड़ में दिल्ली एम्स में एंजियोप्लास्टी भी हुई थी।

### इस्तीफे का कारण

धनखड़ ने अपने इस्तीफे के पत्र में स्वास्थ्य समस्याओं को प्रमुख कारण बताया। हाल के महीनों में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर कई अटकलें थीं, और सूत्रों के अनुसार, उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का फैसला किया। हालांकि, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस इस्तीफे के पीछे अन्य कारक भी हो सकते हैं, जैसे कि केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ता तनाव या संसद में हाल के घटनाक्रम। धनखड़, जो राज्यसभा के सभापति भी थे, ने अपने कार्यकाल में कई बार विपक्षी नेताओं के साथ तीखी बहस और विवादों का सामना किया था। फिर भी, उनके इस्तीफे का आधिकारिक कारण स्वास्थ्य ही बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### केरल के पूर्व सीएम वीएस अच्युतानंदन का 101 साल की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम।** भारत के सबसे सम्मानित कम्युनिस्ट नेताओं में से एक व केरल के पूर्व सीएम वीएस अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माकपा के प्रदेश सचिव एम. वी. गोविंदन ने यहां यह जानकारी दी। अच्युतानंदन का 23 जून को हृदयाघात के बाद से उपचार किया जा रहा था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के संस्थापक सदस्य अच्युतानंदन आजीवन श्रमिकों के अधिकारों, भूमि सुधारों व सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे। भाषा

### भूस्खलनः वैष्णो देवी मार्ग पर तीर्थयात्री की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर हुए भीषण भूस्खलन में 70 वर्षीय एक तीर्थयात्री की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कटरा शहर में हुई तेज बारिश से भूस्खलन हुआ, जिसकी वजह से एक बुकिंग कार्यालय और उसके ऊपर बना लोहे का ढांचा ढह गया। भूस्खलन के बाद एहतियात के तौर पर यात्रा कई घंट स्थगित रही। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तीर्थयात्री की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। भाषा

### उत्तराखंडः दो कांवड़ियों समेत 3 की हादसे में मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो कांवड़ियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) से मिली जानकारी के अनुसार, देहरादून जिले के डोईवाला क्षेत्र में भानियावाला फलाईओवर के निकट एक मोटरसाइकिल के पलट जाने से दो कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गयी और तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, मोटरसाइकिल पर पांच कांवड़िये सवार थे। भाषा

### ठाणे में 1.69 करोड़ मूल्य की मेफेड्रोन जब्त

**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा बाईपास के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के बाद उसके पास कथित रूप से 1.69 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ 'मेफेड्रोन' बरामद किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ठाणे के पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमरसिंह जाधव ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर 18 जुलाई को एक कार रोकने के बाद मोहनलाल जोशी उर्फ शर्मा (55) को पकड़ लिया गया। भाषा

**मानसून सत्र : पहले दिन 145 सांसदों ने लोकसभा और 63 सांसदों ने राज्यसभा में दिया नोटिस**

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश

### जज के घर कैश मामले में जस्टिस वर्मा को हटाने की कार्रवाई शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** कैश कांड में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ संसद में महाभियोग चलाने की कार्यवाही सोमवार को शुरू हो गई है। हाईकोर्ट के जज वर्मा अपने आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद कदाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिए गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। निचले सदन में अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत नोटिस दिए गए हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और भाजपा के राजीव प्रताव रूड़ी समेत कई अन्य सदस्यों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने कहा, न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता व स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए।' राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपे जाने के बाद जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए आगे की कार्यवाही शुरू हो गई है।



(पैकेज पेज 8 पर)

*राज्यसभा सभापति उप-राष्ट्रपति धनखड़ और लोकसभाध्यक्ष बिरला बोले-न्यायमूर्ति को हटाने के लिए नोटिस मिला है*

#### तीन सदस्यीय कमेटी बनाई जाती है



राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश, हाईकोर्ट के एक चीफ जस्टिस और एक सदस्य को लेकर तीन सदस्यीय कमेटी बनाई जाती है। इस कमेटी की रिपोर्ट के बाद स्पीकर या चेयरमैन मोशन पर फैसला ले सकते हैं। धनखड़ ने राज्य सभा के सेक्रेटरी जनरल से इस बात की पुष्टि करने के लिए कहा कि क्या यह मोशन लोकसभा में भी आया है। इस पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि लोकसभा में भी सदस्यों ने स्पीकर को मोशन सौंपा है। पुष्टि होने के बाद सभापति ने सेक्रेटरी जनरल को प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

#### महाभियोग के लिए यह जरूरी

किसी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा में 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए। प्रस्ताव को सदन के अध्यक्ष/सभापति द्वारा स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकता है। यदि प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सदन के सभापति न्यायाधीश जांच अधिनियम के अनुसार एक समिति का गठन करते हैं।

**न्यायाधीश वर्मा को उपनाम से संबोधित करने पर वकील को फटकार**

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को जब एक वकील ने उच्चतम न्यायालय में उनके उपनाम से वर्मा ये संबोधित किया तो प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा कि 'क्या वह आपके दोस्त हैं? वह अब भी न्यायमूर्ति वर्मा हैं।' पीठ ने इस पर पेश हुए अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा को कड़ी को चेतावनी देते हुए कहा कि शालीनता बरतें। इसके साथ मामले की तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप के दावे पर घमासान

संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही विपक्षी दलों ने सख्त तेवर दिखाए। पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध रुकवाने वाले दावे पर भी संसद में जमकर घमासान हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। हालांकि हंगामे के बीच राज्यसभा से एक बिल भी पारित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम नरेंद्र मोदी जवाब दें। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया।

**सरकार चर्चा को तैयार, लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी**

# मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट में सभी 12 आरोपित बरी

**19 साल बाद फैसला : अब भी बड़ा सवाल हमले का असली गुनहगार कौन, पकड़ से बाहर क्यों**



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपितों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपितों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। ये लोग निर्दोष हैं। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की स्पेशल बेंच ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया। बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। हमले के 19 साल बाद यह फैसला आया है। हालांकि अब भी यह बड़ा सवाल है कि आखिर हमले का असली गुनहगार कौन है और वह अब तक पकड़ से बाहर क्यों है। पुलिस ने चार्जशीट में कहा था, मार्च 2006 में लश्कर-ए-तैयबा के आजम चीमा ने बहावलपुर स्थित घर में सिमी व लश्कर के दो गुटों के मुखियाओं के साथ इन धमाकों की साजिश रची थी। मामले में एक आरोपित 2015 में ही बरी हो चुका है।

#### हमले में 189 लोग मारे गए थे

बता दें कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के 7 कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 लोगों की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। उस दिन शाम 6 बजकर 24 मिनट से लेकर 6 बजकर 35 मिनट के बीच एक के बाद एक 7 ब्लास्ट हुए थे। ये सभी ब्लास्ट मुंबई के पश्चिम रेलवे पर लोकल ट्रेनों के फर्स्ट क्लास कम्पार्टमेंट में करवाए गए थे। खार, बांद्रा, जोगेश्वरी, माहिम, बोरीवली, माटुंगा और मीरा-भायंदर रेलवे स्टेशनों के पास ये ब्लास्ट हुए थे।

# बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा, 16 छात्रों की मौत

**ढाका (एपी)।** बांग्लादेश वायुसेना का चीन निर्मित एक प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर को ढाका में एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे 16 छात्रों, दो शिक्षकों और पायलट की मौत हो गई। हादसे में 171 लोग घायल हुए हैं। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। यह विमान दोपहर के समय ढाका के उत्तर क्षेत्र में 'माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज' परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय संबंधी विशेष सहायक मोहम्मद सईदुर रहमान ने भी इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने कहा कि यह चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षु विमान दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

**मरने वालों में 2 शिक्षक और पायलट भी शामिल, 171 घायल, हादसे के वक्त क्लास चल रही थी**



#### पीएम मोदी ने शोक जताया हरसंभव मदद की पेशकश

पीएम नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ढाका में हवाई हादसे में लोगों की मौत से गहरा दुःख हुआ है, जिनमें से कई युवा छात्र थे। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत बांग्लादेश के साथ एकजुटता से खड़ा है और हरसंभव सहयोग और सहायता देने के लिए तैयार है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर विमान फिसला

**मुंबई (भाषा)।** कोच्चि से आया एअर इंडिया का विमान शहर के हवाई अड्डे पर भारी बारिश के बीच उतरते समय फिसल गया और रनवे से बाहर निकल गया, जिसके बाद सोमवार सुबह एक रनवे पर परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। मुंबई हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा, हवाई अड्डे के प्राथमिक रनवे-09/27 को मामूली क्षति की सूचना मिली है। परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, द्वितीयक रनवे 14/32 को सक्रिय कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के कारण विमान के तीन टायर फट गए और इंजन को भी नुकसान पहुंचा। सूत्र ने बताया, कीचड़ में धंसने के बाद इंजन में ढेर सारी मिट्टी चली गई।

### मेटा और गूगल के अधिकारी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों मेटा और गूगल के अधिकारी सोमवार को निर्धारित समय पर ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। अब उन्हें अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ मंचों के प्रचार से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 28 जुलाई को पेश होने के लिए नया समन जारी किया गया है। वहीं, इस मामले में ईडी ने दग्गुबाती को 23 जुलाई, प्रकाश राज को 30 जुलाई को, देवरकोंडा को छह अगस्त को और लक्ष्मी को 13 अगस्त को तलब किया है।

**अब 28 जुलाई को फिर तलब किया अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी का मामला**



#### प्रदेश के नए राज्यपाल घोष ने शपथ ग्रहण की

चंडीगढ़(ब्यूरो)। प्रतिष्ठित विद्वान असीम कुमार घोष ने सोमवार को हरियाणा के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्होंने बंडारू दत्तात्रेय का स्थान लिया है। घोष (81) को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### घर खरीदारों से फ्रॉड, रामप्रस्थ ग्रुप के दो निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने रियल एस्टेट कंपनी 'रामप्रस्थ ग्रुप' के प्रवर्तकों संदीप यादव और अरविंद वालिया को घर खरीदारों के साथ 1,100 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने सुबह दिल्ली और गुरुग्राम में निदेशकों के परिसरों समेत तीन परिसरों पर छापेमारी की, जिसके बाद ये गिरफ्तारियां हुईं। दोनों रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) के निदेशक और अधिकतर शेयरों के धारक हैं।

**1100 करोड़ से जुड़ी धोखाधड़ी में ईडी की कार्रवाई**

**संवाद** एचएसएससी चेयरमैन हिम्मत सोशल मीडिया पर लाइव आए, अभ्यर्थियों से बातचीत की

*अभ्यर्थियों के सवालों के जवाब दिए, परीक्षा हॉल में 24 बुकलेट का एक सेट मिलेगा*

# सीईटी में 25 प्रतिशत सवाल हरियाणा से आएंगे ओएमआर सीट में नाम, रोल नंबर खुद भरने होंगे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में 26 और 27 जुलाई को होने वाले ग्रुप-सी के पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) को लेकर सोमवार को हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) के चेयरमैन हिम्मत सिंह सोशल मीडिया पर लाइव आए। उन्होंने अभ्यर्थियों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए। परीक्षा के पैटर्न पर कहा कि एग्जाम में 25% सवाल हरियाणा से जुड़े होंगे। 75% अन्य सब्जेक्ट से आएगा। 75% मार्क्स में कंप्यूटर भी शामिल है। सभी यूट्यूबर और कोचिंग सेंटर चलाने वालों से अनुरोध है कि वे पेपर का एनालिसिस तभी करें जब चारों शिफ्ट के पेपर हो जाएं, उससे पहले नहीं। उन्होंने बताया कि पहले ओएमआर शीट पर नाम, पिता का नाम, रोल नंबर पहले से लिखे होते थे, लेकिन इस बार अभ्यर्थियों को यह जानकारी खुद भरनी होगी।



#### सीलबंद होगा सेट

एग्जाम हॉल में 24 बुकलेट का एक सेट होगा। जो भी टीचर वहां होंगे, वे आपको दिखाएंगे कि सेट सीलबंद है या नहीं। अगर सील ठीक है, तो कमरे में से कोई भी दो अभ्यर्थियों से उस पर साइन करवाएंगे अगर सील खुली हुई है, तो उस पर साइन न करें और हमें बताएं, हम कार्रवाई करेंगे। उधर, सरकार ने परिवहन विभाग के कमिश्नर को लेटर लिखकर कहा है कि सीईटी को लेकर जितना भी खर्चा आएगा, वह सरकार और हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन उठाएगा। सरकार की तरफ से एग्जाम सेंटर जाने के लिए 2 दिन कैंडिडेट्स के लिए बस सुविधा फ्री की गई है।

#### ओएमआर शीट पर मार्किंग न करें

एडमिट कार्ड का कलर प्रिंटआउट लेकर एग्जाम सेंटर में जाना होगा। ओएमआर शीट पर मार्किंग न करें एडमिट कार्ड के साथ कैंडिडेट अपना पहचान साथ लेकर जाएं। रूम में जैसे ही प्रवेश करें तो बुकलेट मिलेगी। प्रश्न बुकलेट व ओएमआर शीट दोनों को मैच करें। दोनों सेम होने चाहिए, अगर सेम नहीं हैं तो अधिकारियों को सूचित करें।

#### हिसार में सबसे ज्यादा अभ्यर्थी

हमने कैंडिडेट्स की मांग को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र उनके आसपास के जिलों में ही बनाए हैं। हालांकि, सभी उम्मीदवारों को उनके सबसे नजदीकी जिले में ही केंद्र देना संभव नहीं था। हिसार में सबसे अधिक अभ्यर्थी थे, इसलिए यह संभव नहीं हो पाया। लगभग 2 लाख उम्मीदवार ऐसे हैं जो 25 से 50 किलोमीटर के दायरे में बने केंद्रों पर परीक्षा देने जाएंगे।

**बार-बार वेबसाइट चेक करें :** उन्होंने कहा कि कई बार अफवाहें फैलती रहती हैं, इसलिए सही जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर ही देखें। अगर कोई रिजल्ट में पास करवाने का झांसा देता है, तो उसके झांसे में न आएं। कई बच्चों ने ऐसी जानकारी व फोटो भेजी हैं, जिसमें कुछ लोग इस तरह की बातें कर रहे हैं। इसकी जानकारी हमने पुलिस डिपार्टमेंट को दे दी है, पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## खबर संक्षेप

### हकृवि के 9 छात्रों का स्टेट फेडरेशन ऑफ शुगर कोऑपरेटिव मिल में चयन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत हरियाणा स्टेट फेडरेशन ऑफ शुगर कोऑपरेटिव मिल में 9 विद्यार्थियों का केन डिव. सुपरवाइजर, केन यार्ड सुपरवाइजर तथा केन क्वालिटी सुपरवाइजर के पद पर एक साल के प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर कम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। सभी चयनित विद्यार्थियों को 2 लाख 70 हजार रुपये वार्षिक वेतन मिलेगा।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 29 तक करें आवेदन

**सिरसा।** पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस सिलसिले में प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि जो छात्र-छात्रा वर्तमान में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हैं तथा सिरसा जिले के मूल निवासी हैं वे 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक छात्र-छात्रा की आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हो तथा जिले में ही किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हों। ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को सिरसा जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 22 लाख की ठगी

**अंबाला।** पंजोखरा गांव के युवक व युवती को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 22 लाख 7 हजार 975 रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पंजोखरा थाना को शिकायत देते हुए पंजोखरा गांव की संदीप कौर ने बताया कि बेटी प्रनीत कौर व भतीजा करणप्रीत स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया जाना चाहते थे। आरोपियों ने मिलने पर 12-12 लाख रुपये दोनों के मांगे थे। पीड़िता ने बताया कि वह विधवा है। किसी तरह से रुपयों का इंतजाम किया। 5 सितंबर 2024 को रुपये देने शुरू कर दिए थे। इस तरह से आरोपियों ने बेटी के नाम पर 10 लाख 87 हजार 743 रुपये व भतीजे करणप्रीत से 11 लाख 20 हजार 232 हड़प लिए। पुलिस की मानें तो जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।

### अवैध खनन मामले में एसीबी ने शेकुल को दबोचा

**नूंह।** राजस्थान - हरियाणा की सीमा पर अवैध खनन के मामले को लेकर एसीबी की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। एसीबी इंस्पेक्टर जयपाल सिंह की टीम ने इसी वर्ष दर्ज मुकदमे में शेकुल पुत्र रहीम खान निवासी बसई मेव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।
जानकारी के मुताबिक इसी वर्ष स्कूल पर अवैध खनन को अंजाम देने वाले रास्तों को गलत तरीके से बनाकर मोटी कमाई की गई। दरअसल इसी मामले में अब तक कई सेवानिवृत अधिकारियों - कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तो बसई मेव के सरपंच को बर्खास्त भी किया जा चुका है। इसके अलावा ग्राम सचिव को सस्पेंड किया गया है। साथ ही कई लोगों पर 50 - 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है।

---

#### पहली बार गंगोत्री गया था कांवड़ियों का दल, वापस लौटते समय हादसा

# उत्तराखंड में रेवाड़ी के कांवड़ियों की गाड़ी पलटी, 25 घायल, 3 लोगों के पैर टूटे

- उत्तरकाशी से आगे कमान एरिया में पहुंची तो कैंटर बेकाबू होकर पलट गया
- जिले से हर साल कांवड़ लेने हरिद्वार जाते थे, लेकिन इस बार पहली दफा गंगोत्री गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। उत्तराखड़ में पलटी गाड़ी व घायल कांवड़िए। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी जिले के कांवड़ियों की गाड़ी रविवार शाम को उत्तराखंड के कमान एरिये में पलट गई। गाड़ी पलटने से करीब 25 कांवड़िए घायल हो गए, जिसमें से 6 गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया है। हादसा ड्राइवर की लापरवाही से हुआ है। कांवड़ियों ने बताया है कि गाड़ी में 31 युवक सवार थे। गंभीर रूप से घायल 3 युवकों के पैर टूट गए हैं। कांवड़िए हर साल कांवड़ लेने हरिद्वार जाते थे, लेकिन इस बार पहली बार गंगोत्री गए थे।

जानकारी के अनुसार कांवड़िए 16 जुलाई को रेवाड़ी के रामगढ़ गांव से उत्तराखंड से कांवड़ लाने के लिए गए थे। युवक श्रवण कुमार ने बताया कि उनका दल 19 जुलाई को गंगोत्री पहुंच गया था। उसी दिन उन्होंने कांवड़ उठा ली और वापस रेवाड़ी के लिए रवाना हो गए थे। उन्होंने बताया कि वे 250 किलोमीटर का सफर तय कर चुके थे। उनके दल में कांवड़ के साथ कैंटर भी चल रहा था, जिसे गांव टपूकड़ा निवासी युवक चला रहा था। जब उनकी यात्रा उत्तरकाशी से आगे कमान एरिया में पहुंची तो कैंटर बेकाबू होकर पलट गया।

कांवड़ दल में शामिल युवक रवि ने बताया कि पहाड़ी एरिये में हादसा हुआ, जहां सड़कों में भी काफी मोड थे। कैंटर का ड्राइवर ढलान वाली सड़क से गाड़ी को उतार रहा था। इस दौरान उसने रेस ज्यादा दे रखी थी। अचानक मोड़ आने पर ब्रेक नहीं लगने के कारण उनकी गाड़ी पलट गई। रवि के अनुसार गाड़ी में 31 युवा सवार थे, जिनमें से करीब 25 को चोटें आईं हैं। उसमें से 6 गंभीर रूप से घायल है। अनूप, मनीष, नितिन, राहुल व विनोद के पैर में फ्रैक्चर है और गोविंद के सिर में चोट आई है। हादसे में अनूप के दोनों पैर में फ्रैक्चर हो गए है तथा गोविंद भी गंभीर घायल है। सभी घायल एम्स ऋषिकेश में उपचाराणीन है। इनके अलावा सहीपाल, मोनू, अनिल, आजाद, धीरज, राहुल और श्रवण को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है तथा 12 युवकों को हल्की चोटें आईं है।

#### दूसरी टीम कांवड़ लेने पहुंची

घटना का पता लगते ही रेवाड़ी के रामगढ़ गांव से करीब 15 युवा रविवार रात को ही उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए। दूसरी कांवड़ टीम उत्तराखंड से कांवड़ लेकर रवाना होंगे। युवाओं का कहना है कि वे शिवरात्रि पर शिव मंदिर में गंगाजल का अभिषेक जरूर करेंगे। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए रामगढ़ गांव निवासी अनूप खेतीबाड़ी करता है और मनीष कार मैकेनिक है व नितिन स्टूडेंट है। श्रवण कुमार ने बताया है कि सभी लोग हर साल हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आते थे। पहली बार ये लोग गंगोत्री से कांवड़ लेने गए थे। उन्हें रेवाड़ी तक पहुंचने के लिए करीब 700 किलोमीटर का सफर तय कर शिवरात्रि तक पहुंचना था, लेकिन रास्ते में हादसा हो गया।

---



रेवाड़ी। मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करती टीम एवं सील किया गया मेडिकल स्टोर।

#### स्वास्थ्य विभाग की टीम की रेड से हड़कंप

## एमटीपी किट बेचने पर मेडिकल स्टोर सील

- मेडिकल स्टोर से खरीदी गई एमटीपी किट के साथ एक आरोपी किया गया था काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में लिंगानुपात बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक्टिव मोड में है। स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर गर्भपात की दवाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार मेडिकल स्टोरों पर जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को रेलवे स्टेशन परसिर में स्थित मेडिकल स्टोर को रेड की, जहां जांच में मेडिकल स्टोर पर अवैध एमटीपी किट पाई गई। ड्रग ऑफिसर ने कंपनी के मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। जांच में स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट से संबंधित सेल-परचेज बिल नहीं मिले है। रेलवे स्टेशन पर दवा दोस्त कंपनी का मेडिकल स्टोर चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि मेडिकल स्टोर पर अवैध रूप से एमटीपी किट बेची जा रही है। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवा दोस्त कंपनी के मेडिकल स्टोर पर रेड की। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर से अवैध तौर एमटीपी किट बरामद की गई। दवा दोस्त कंपनी के मेडिकल स्टोर पर 4 कर्मचारी कार्य करते हुए मिले, जबकि कैमिस्ट स्टोर पर नहीं था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 19 जुलाई को सेक्टर-4 में एक आरोपी दीपक को अवैध रूप से एमटीपी किट बेचते हुए पकड़ा था। टीम ने बोगस ग्राहक भेजकर आरोपी से एमटीपी मांगी थी, जिसने ग्राहक को एमटीपी किट उपलब्ध कराई थी। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दौरान आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने एमटीपी किट दवा दोस्त कंपनी के मेडिकल स्टोर से खरीदी थी।

---

#### प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग

## हरियाणा इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल का प्रतिनिधि मंडल डीजी आयुष और भाजपा अध्यक्ष बड़ौली से मिला

*डीजी आयुष ने प्रतिनिधिमंडल से कानूनी दस्तावेज मांगे*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

**काउंसिल अगली बैठक में सभी दस्तावेज सौंपेगी**



हरियाणा इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पंचकूला में आयुष विभाग के डीजी संजीव वर्मा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली से मुलाकात की। इस दौरान काउंसिल के सदस्यों ने हरियाणा में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता देने की मांग। काउंसिल के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने डीजी आयुष से कहा कि इस पद्धति में हर बीमारी का इलाज संभव है। राजस्थान सरकार इसे पहले मान्यता दे चुकी है। हरियाणा में 20000 से अधिक डॉक्टर चिकित्सा की इस पद्धति से जुड़े हैं। उन्हें प्रैक्टिस करने में दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए उनकी सरकार से गुजारिश है कि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्याता दी जाए। ताकि इस पैथी के डॉक्टर प्रैक्टिस कर सकें और जरूरतमंदों की मदद कर सकें। डॉ खनगवाल ने बताया कि डीजी आयुष ने काउंसिल के सदस्यों इलेक्ट्रो होम्योपैथी से संबंधित लीगल दस्तावेज मांगे हैं। अब हरियाणा इलेक्ट्रो होम्योपैथी काउंसिल अगली बैठक में लीगल दस्तावेज डीजी आयुष को सौंपेगी। उम्मीद है इसके बाद इलेक्ट्रो होम्योपैथी को हरियाणा में मान्यता देने कर रास्ता साफ हो जाएगा और सभी डॉक्टर बिना किसी भय के प्रैक्टिस कर सकेंगे। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि वे सीएम से मुलाकात कर इस मुद्दे पर बात करेंगे और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में इलेक्ट्रो होम्योपैथी काउंसिल के डॉ. विनोद खानागवाल, डॉ. संदीप सैनी, डॉ. वेदपाल, डॉ. महिपाल सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक शामिल रहे।

---

## मुलाना में सीआईए-1 की बाइक सवार युवक से मुठभेड़, गोली लगने से जख्मी

*घायल आरोपी को पहले मुलाना एमएमयू अस्पताल पहुंचाया गया*

- सिरसगढ़ के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


गोली लगने के कारण जख्मी युवक।

सिरसगढ़ गांव के पास सोमवार को सीआईए वन और एक युवक के बीच मुठभेड़ हो गई। बाइक पर सवार होकर फरार हो रहे 19 वर्षीय युवक ने टीम को देखते ही गोली चला दी। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की जिसमें आरोपी को टांग में गोली लगी। घायल आरोपी को पहले एमएमयू अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उसे अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल रेफर किया गया। अब उसे करनाल के सिटी सिविल अस्पताल में दाखिल किया जाएगा। दरअसल सोमवार को सिरसगढ़ के पास घेराबंदी होते देख बाइक सवार यमुनानगर के 19 वर्षीय अमन ने सीआईए वन की जांच टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की मानें ते आरोपी यहां किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। सूचना मिली थी कि यह युवक अवैध हथियार सहित इलाके में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सिरसगढ़ के पास उसे काबू किया। जवाबी फायरिंग में एक गोली आरोपी की टांग में लगी है। गोली लगते ही आरोपी नीचे गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया। मामले की जांच कर रही पुलिस ने पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार बरामद कर लिए हैं। अब पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। जांच के दौरान यह भी पता लगाया जाएगा कि आरोपी किस गैंग से जुड़ा है। वारदात की फिराक में था।

---

#### घर लौटते समय यमुनानगर में हादसा

## डंपर की चपेट में आने से बिजली निगम में कार्यरत फोरमैन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया

गांव फूसगढ़ के पास देर शाम डंपर की टक्कर लगने से बिजली निगम में कार्यरत फोरमैन की मौत हो गई। मृतक कर्मचारी देर शाम छुट्टी करने के बाद घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव पंजेटो का माजरा निवासी 49 वर्षीय बलदेव बिजली निगम में फोरमैन के पद पर तैनात था और उसकी ड्यूटी रादौर के बकाना में थी। शाम को वह ड्यूटी खत्म कर वापस अपने घर लौट रहा था। गांव फूसगढ़ के पास सामने से आ रहे डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज को दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लेकर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### व्यक्ति ने पहले लगाई मकान में आग, फिर फंदा लगाकर दी जान

**जींद।** गांव शिल्लाखेड़ी में बीती रात एक व्यक्ति ने पहले मकान में पहले आग लगाई और फिर संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सदर थाना सफीदों पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव शिल्लाखेड़ी निवासी धर्मचंद (50) का शव सोमवार को सुबह उसके घर में फांसी के फंदे पर लटकता देखा गया। कमरे में रखा घरेलू सामान जला हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि पहले कमरे में रखे सामान में आग लगाई है। फिर फांसी का फंदा लगाया है। घटना का परिजनों को उस समय पता चला जब वे सोकर उठे और धर्मचंद को फांसी के फंदे पर लटके देखा। सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

---

#### सीएम फ्लाइंग की टीम ने एमआईई में अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री में मारा छापा

## करीब 52 लाख रुपये की 7.5 लाख नकली सिगरेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** मौके पर पहुंची टीम के साथ चर्चा करते पुलिस अधिकारी एवं मशीनों में बनकर निकल रही नकली सिगरेट, नकली सिगरेटों को डिब्बों में पैक करते कर्मचारी।



शहर के आधुनिक औद्योगिक संपदा में चल रही एक फैक्ट्री में नकली सिगरेट बनाने का पर्दाफाश हुआ है। गुप्तचर विभाग और सीएम फ्लाइंग की टीम द्वारा मारे गए छापे में करीब 52 लाख रुपए कीमत की साढ़े 7 लाख नकली सिगरेट मौके से बरामद हुई। विख्यात कंपनी के प्रतिनिधियों की शिकायत पर नकली सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री संचालकों पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। बेशक सिगरेट पीना सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन यदि यह सिगरेट भी नकली है तो खतरा कई गुणा बढ़ जाता है। सोमवार को बहादुरगढ़ में गोल्ड फ्लैक की नकली सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री का भांडाफोड़ हुआ है। फैक्ट्री से करीब साढ़े 7 लाख नकली सिगरेट बरामद हुई। इनकी कीमत लगभग 52 लाख रुपए आंकी गई है। गोल्ड फ्लैक कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि और कानूनी सलाहकारों ने फैक्ट्री में अवैध सिगरेट बनाने की जानकारी जुटाई। इसके बाद अधिकारियों से शिकायत की। सोमवार अलसुबह गुप्तचर विभाग और सीएम फ्लाइंग की टीम ने एमआईई की फैक्ट्री संख्या-950 में छापा मारा। वहां फैक्ट्री के दर्जनभर कर्मचारी सिगरेट बनाने और पैकिंग के काम में जुटे थे। नकली सिगरेट बनाने में इस्तेमाल हो रहा तंबाकू भी सवालों के घेरे में है। इसकी क्वालिटी भी बेहद खराब प्रतीत हो रही थी। शहर थाना प्रभारी दिनकर यादव ने बताया कि छापेमारी के बाद मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

---

#### हरियाणा पुलिस और अन्य को नोटिस जारी

## अभिनेता श्रेयस तलपड़े को हरियाणा के विपणन घोटाला में गिरफ्तारी से राहत

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता श्रेयस तलपड़े को एक सोसाइटी के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात के मामले में सोमवार को गिरफ्तारी से राहत प्रदान कर दी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अभिनेता की ओर से दाखिल याचिका पर हरियाणा पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया।
हरियाणा के सोनीपत निवासी विपुल आंतिल की शिकायत पर अभिनेता एवं ब्रांड एंबेसडर तलपड़े तथा आलोक नाथ समेत 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आंतिल ने आरोप लगाया कि दोनों अभिनेताओं ने ब्रांड एंबेसडर के तौर पर 'ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड' का प्रचार किया। सोनीपत के मुरथल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजीत सिंह ने बताया कि शिकायत एक विपणन कंपनी के खिलाफ की गई थी जिसकी जांच की जा रही है।
दोनों अभिनेताओं के बारे में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा था, ''यह आरोप लगाया गया है कि उनके (अभिनेताओं) ब्रांड एंबेसडर होने के कारण लोग निवेश के लिए आकर्षित हुए। शिकायत में उनका नाम लिखित में दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी भूमिका की जांच की जाएगी।

### खरखौदा: अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटा पूर्व सरपंच गिरफ्तार

**खरखौदा।** सोनीपत पुलिस की एसयूएजी यूनिट (सेक्टर-7) को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। शराब ठेके से रंगदारी मांगने और एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में 5,000 के इनामी व आरोपित रामनिवास पुत्र ईश्वर, निवासी गांव पिपली, जिला सोनीपत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गांव पिपली के पूर्व सरपंच रामनिवास को अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत लौटते ही गिरफ्तार कर लिया गया। 30 जून 2023 को अजय निवासी रोझूवास ने थाना खरखोदा में शिकायत दी थी कि वह और उसका साथी धर्मेंद्र, गांव पिपली में अलॉट शराब ठेके के साझेदार हैं। 29 जून को अजय के साथी सुरेंद्र ने फोन कर बताया कि रामनिवास अपने साथियों के साथ पिपली ठेके पर आया और ठेकेदार से रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## देशभर से 30.88 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले आठ आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम



साइबर क्राइम थाना पुलिस टीमों ने देश भर से 30.88 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फेक सोशल मीडिया प्रोफाइल, सेक्सटॉर्सन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, फेडेक्स फ्रॉड (फर्जी अधिकारी बनकर) लोगों से ठगी करने की वारदातों को अंजाम देते थे। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस में तैनात जांच अधिकारी मुख्य सिपाही नवीन की टीम ने यूपी के कासगंज निवासी आरोपी हरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। जबकि साइबर क्राइम वेस्ट थाना में तैनात जांच अधिकारी मुख्य सिपाही अमित सोनी की टीम ने आरोपी अर्पण और बिजेंद्र को गिरफ्तार किया। इसी तरह साइबर ठग जुनैद, समीर, मनोज व रूपकिशोर को साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस के एसआई सुरेंद्र की टीम ने गिरफ्तार किया। इसी थाना के एसआई सत्यानंद की पुलिस टीम ने बिहार के बक्सर निवासी आरोपी शिवांश राय को गिरफ्तार किया।

### एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर विवाहिता ने की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** पटौदी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक विवाहिता ने रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। महिला पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी और नागरिक अस्पताल से दवाई भी चल रही थी। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका की पहचान बिहार के वैशाली निवासी रविता सिन्हा (37 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पति व तीन बच्चों के साथ धानावास में किराए पर रहती थी। महिला (मृतका) एक ब्यूटी पार्लर में काम करती थी, जबकि उसका पति एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। रविता सिन्हा ने सोमवार की सुबह करीब 5.45 बजे रानीखेत एक्सप्रेस के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने के बारे में सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

## करनाल: कचरे के ढेर में मिला नवजात, महिला ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव भैणी खुर्द में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक तीन दिन का नवजात शिशु कचरे के ढेर में लावारिस हालत में मिला। बच्चे को प्लास्टिक के कट्टे में डालकर खेतों के पास बिटोड़े के पास फेंका गया था। सौभाग्य से, समय रहते गांव की महिला रीटा देवी ने मासूम की रोने की आवाज सुनी और कट्टे को खोलने पर उसमें नवजात को देख सभी स्तब्ध रह गए। घटना सोमवार शाम की है जब रीटा देवी खेतों में घास काटने गई थी। आवाज सुनकर जब उसने कट्टे को देखा तो उसमें ऊपर से कचरा डाला गया था, और नीचे नवजात पड़ा हुआ था। बच्चा जीवित था और उसकी हालत स्थिर थी, जिसे ग्रामीणों ने किसी चमत्कार से कम नहीं माना। रीटा ने तुरंत शोर मचाया, जिससे अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। गांव के बुजुर्ग रमेश ने घटना को दिल दहलाने वाला बताया और कहा कि यह बेहद शर्मनाक और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने कहा, कोई मां ऐसा कैसे कर सकती है।
जांच अधिकारी मनजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नवजात को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की स्थिति सामान्य है।

## आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 17% बढ़कर 2,007 करोड़

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष (2025-26) की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये रहा है। एलआईसी के नियंत्रण वाले इस बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,719 करोड़ रुपये रहा था। आईडीबीआई बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,458 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,471 करोड़ रुपये थी।

# अब ग्राहक यूपीआई के जरिए ही निकाल सकेंगे गोल्ड लोन और एफडी का पैसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने यूपीआई यूजर्स को बड़ी खुशखबरी दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई के जरिए पेमेंट करने के नियम में बड़ा बदलाव किया है। अब यूजर्स गोल्ड लोन, बिजनेस लोन और एफडी की रकम भी यूपीआई के जरिए कहीं भेज सकते हैं। लोन अकाउंट को यूपीआई अकाउंट से भी लिंक किया जा सकेगा। इससे आप क्रेडिट कार्ड से लेकर बिजनेस लोन तक का पेमेंट पेटीएम, फोनपे, गूगलपे जैसे यूपीआई ऐप से कर सकेंगे। यह नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा।

## नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने पेमेंट करने के नियम में किया बड़ा बदलाव

### बैंक जाए बिना निकाल सकेंगे लोन का पैसा

पेमेंट करने के तरीके को और आसान और सिक्योर बनाने के लिए एनपीसीआई ने हाल ही में कई अहम फैसले लिए। अब एक बार फिर से पेमेंट करने के दायरे को बढ़ाने का ऐलान किया गया है। फिलहाल यूपीआई यूजर्स केवल सेविंग्स अकाउंट या ओवरड्राफ्ट अकाउंट ही यूपीआई से लिंक कर सकेंगे। इनके जरिए ही पेमेंट किया जा सकेगा। कुछ रुपे क्रेडिट कार्ड को भी यूपीआई से जोड़ा गया है, लेकिन इनकी संख्या कम है। अब नए नियम के साथ, ग्राहक बिना बैंक जाए गोल्ड लोन और पर्सनल लोन का पैसा ऑनलाइन निकाल सकेंगे।




### एनपीसीआई ने तय किए कुछ नियम

यूपीआई के मौजूदा नियमों में पी2एम मनी ट्रांसफर की सुविधा है, लेकिन नए नियम के लागू होने के साथ पी2पी के साथ-साथ पी2पीएम ट्रांजेक्शन भी कर सकेंगे। इतना ही आप कैश भी निकाल सकेंगे। हालांकि, एनपीसीआई ने इसके लिए कुछ नियम भी तय किए हैं जैसे कि यूजर्स एक दिन में ज्यादा से ज्यादा 1 लाख रुपए तक का ही पेमेंट कर पाएंगे। साथ ही एक दिन में कैश निकालने की लिमिट 10,000 रुपए ही है। इसके अलावा, पी2पी डेली ट्रांजेक्शन की लिमिट भी 20 कर दी गई है।

### बैंक के चक्कर काटने नहीं होंगे

इसके साथ ही आप यूपीआई के जरिए कौन-सा पेमेंट कर पाएंगे इसका फैसला भी बैंक लेगा। मान लीजिए कि आपने पर्सनल लोन लिया है, तो बैंक हॉस्पिटल बिल या स्कूल या कॉलेज की फीस के लिए ही लोन के पैसों की इजाजत दे। यह सुविधा खासतौर पर उन छोटे कारोबारियों के लिए फायदेमंद होगी, जो 2-3 लाख रुपए तक बिजनेस लोन लेते हैं और हर बार उन्हें पेमेंट करने के लिए बैंक के बार-बार चक्कर काटने नहीं काटने होंगे।

## भारत ने वर्ष 2024 में मलेशिया से 30.3 लाख टन पाम तेल आयात किया

# घरेलू खेती के विस्तार के साथ-साथ भारत बना मलेशिया का सबसे बड़ा पाम बीजों का खरीदार

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

पाम पेड़ के बीजों के आयात के मामले में भारत, मलेशिया का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है। भारत द्वारा घरेलू पाम तेल उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के साथ-साथ पामतेल की मांग का बढ़ना भी इसका एक कारण है। भारत ने वर्ष 2024 में मलेशिया से 30.3 लाख टन पाम तेल का आयात किया, जो मलेशिया के कुल पाम तेल निर्यात का 17.9 प्रतिशत है। यह इसे मलेशियाई पाम तेल का शीर्ष गंतव्य बनाता है। मलेशियाई पाम तेल बोर्ड के महानिदेशक अहमद परवीज़ गुलाम कादिर ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने के भारत के प्रयासों का हवाला देते हुए बताया, ''मलेशियाई पाम तेल के बीज या छोटे पौधों की मांग में, विशेष रूप से भारत से, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।''

## भारत का लक्ष्य, वित्त वर्ष 2025-26 तक पाम तेल की खेती का विस्तार



### पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान केंद्रित

भारत का लक्ष्य, वित्त वर्ष 2025-26 तक पाम तेल की खेती का विस्तार तेजी से 10 लाख हेक्टेयर तक करना है और अपने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तेल पाम योजना के तहत 2029-30 तक लगभग 28 लाख टन कच्चे पाम तेल का उत्पादन स्तर हासिल करना है। देश में फिलहाल वर्ष 2025 के मध्य तक लगभग 3,70,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पाम तेल की खेती हो रही है, जिसमें विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों और द्वीपीय क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### मलेशिया तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करता है

कादिर ने बताया कि हालांकि, यह बीज व्यापार काफी हद तक अनौपचारिक बना हुआ है, जिसमें आपूर्ति औपचारिक अनुबंधों या दीर्घकालिक समझौतों के बिना एकमुश्त खेपों के माध्यम से तदर्थ आधार पर की जाती है। अधिकांश लेन-देन व्यापार-से-व्यापार व्यवस्था के माध्यम से होते हैं जहां मलेशियाई निर्यातक गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। कादिर ने कहा, ''मलेशिया इसका स्वागत करता है क्योंकि यह हमारे बीजों की गुणवत्ता और भारत के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी में भरोसे को दर्शाता है।'' यह स्थिति ऐसे समय बनी है जब भारत द्वारा हाल ही में कच्चे पाम तेल पर शुल्क में कटौती के बाद भारत को मलेशिया के पाम तेल निर्यात में कमी आई है।

### नई उच्च उपज वाली किस्में विकसित

मलेशियाई पाम तेल बोर्ड ने प्रजनन कार्यक्रमों के माध्यम से नई उच्च उपज वाली किस्में विकसित की हैं, जिनसे प्रति हेक्टेयर सालाना 30 टन से अधिक ताजे फलों के गुच्छों का उत्पादन हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2020-2023 के बीच दर्ज मलेशिया के राष्ट्रीय औसत 15.47-16.73 टन से लगभग दोगुना है।

### जीवनकाल 30 वर्ष से अधिक होता है

उन्नत किस्मों की ऊंचाई वृद्धि भी धीमी होती है, जिससे आर्थिक जीवनकाल 25 वर्ष से बढ़कर 30 वर्ष से अधिक हो जाता है और कटाई कार्य भी आसान हो जाता है। कादिर ने कहा कि वर्तमान मलेशियाई व्यावसायिक बीज, उचित कृषि पद्धतियों और पर्याप्त सिंचाई के साथ भारत में खेती के लिए उपयुक्त हैं।




## एलन रोहतक ने मनाया जेईई-नीट में सफलता का उत्सव टॉपर्स का हुआ सम्मान

**रोहतक।** जेईई एडवांस्ड और नीट यूजी के रिजल्ट्स के बाद एलन रोहतक में सफलता का उत्सव मनाया गया। यहां विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले एलन रोहतक के स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स के साथ उनके पेरेन्ट्स भी मौजूद रहे। कार्यक्रम कैटलिना होटल, सोनीपत रोड, रोहतक में हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाइस प्रेसिडेंट व जोनल हेड सदानंद वाणी रहे। इस अवसर पर जनरल मैनेजर, एडमिन ऑपरेशन जितेन गुप्ता और सेंटर हेड अभिषेक मिश्रा ने एलन रोहतक की उपलब्धियों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि सदानंद वाणी ने सभी सम्मान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स और उनके पेरेन्ट्स को बधाई दी तथा जीवन में एक अच्छे डॉक्टर व इंजीनियर के साथ अच्छे इंसान बनते हुए समाज और देश सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एलन रोहतक लगातार श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। एलन के हर निर्णय के केन्द्र में विद्यार्थी का हित होता है। अपने 37 वर्षों के विराट अनुभव और बेस्ट अकेडमिक टीम के साथ एलन बेस्ट माहौल देने के लिए संकल्पित है। एलन रोहतक के सेंटर हेड अभिषेक मिश्र ने कहा कि एलन की कोशिश रहती है हर विद्यार्थी का सपना पूरा हो। इसके लिए उन्हें हर तरह का सपोर्ट दिया जाए। साल दर साल आ रहे बेहतर परिणाम रोहतक में एलन के श्रेष्ठ सिस्टम को साबित कर रहे हैं। समारोह में सम्मानित होने के लिए विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ खुशियों से झूमते हुए मंच पर पहुंचे। एक के बाद एक मच पर गीत बजते रहे और प्रतिभाओ का जोशीले अदाज में स्वागत के साथ सम्मान होता रहा। कार्यक्रम में फैकल्टीज व स्टूडेंट्स ने यहा रंगारंग प्रस्तुतिया दी गई।

**रुपया 14 पैसे टूटकर 86.30 प्रति अमेरिकी डॉलर पर: मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को 14 पैसे टूटकर 86.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। तेल आयातकों की ओर से डॉलर की लगातार बढ़ती मांग का दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा।

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF MS ARYA SHARMA
ADD. PRINCIPAL JUDGE, FAMILY
CAMP COURT, MEHAM ROHTAK
Case No. DMC-64-2024
CNR No. HRRHF2-000110-2024
Next Date: 26-09-2025

Amit Kumar son of Ajmer Singh R/o Village Kharak Jatan Meham Tehsil Meham District Rohtak

Versus

1. Priyanka wife of Amit Kumar and D/o Bijender Singh Resident of Village Singhwa Khas, Tehsil Bass, Distt Hisar
2. Anil son of Preetu Resident of Village Singhwa Khas, Tehsil Bass, Distt Hisar

**Petition for dissolution of marriage by a decree of divorce U/s 13 of Hindu Marriage Act, 1955( as amended up to date)**

**NOTICE TO:**
Anil son of Preetu Resident of Village Singhwa Khas, Tehsil Bass, Distt Hisar

In above titled petition the respondent(s) could not be served. It is ordered that the Respondent(s) should appear in person or through counsel on 26-09-2025 at 10.00 A.M.

For more details logon: **https://districts.ecourts.gov.in/rohtak**

Sd/- Arya Sharma
APJ, FCC, MEHAM (ROHTAK)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | नगर निगम गुरूग्राम के तहत बंधवारी लैंडफिल से लीचेट की शिफ्टिंग / परिवहन हेतु आकलन + 8 कार्य। | 19.07.2025 28.07.2025 | 2,20,96,484/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | एसएलएफ साइट बंधवारी में व्यू कटर के साथ-साथ सीसी रोड का निर्माण। | 18.07.2025 28.07.2025 | 2,07,69,818/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36783/I/88/6 दि. 21.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड नं. 6, एम.सी. नारनौल में मोडावाला मंदिर के पीछे पुलिया का निर्माण + 19 कार्य। | 16.07.2025 23.07.2025 | 1,20,30,626/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36836/I/88/6 दि. 21.07.25

## बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 516.3 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 122.30 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी शुक्रवार को एक महीने के निचले स्तर 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38 प्रतिशत की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोना 250 रुपए चढ़ा और चांदी 500 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की मांग में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 250 रुपये बढ़कर 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस बीच, चांदी की कीमतें 500 रुपये बढ़कर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। शुक्रवार को चांदी 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सराफा कारोबारियों ने कहा कि मांग में तेजी से कीमती धातु की कीमतों में तेजी आई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका असंध | एम.सी. असंध में 8706.50 एमटी से अधिक लीगेसी वेस्ट जो रियायत अनुबंध में शामिल नहीं किया गया है, के रिमीडियेशन / बायो माइनिंग के लिए एजेंसी का चयन (लीगेसी वेस्ट और लैंड रिक्लेमेशन के रिमीडियेशन और फ्रैक्शंस के वैज्ञानिक तौर पर निपटान हेतु)। | 14.07.2025 24.07.2025 | 65.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416612092 secy-assandh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36837/I/88/6 दि. 21.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एम.सी. सम्पत्ति पिल्लूखेड़ा (एम.सी.-पिल्लूखेड़ा) की वार्षिक मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 11,60,803/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnd37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36838/I/88/6 दि. 21.07.25

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 - यात्रियों के लिए एक समर्पित सेवा


**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जो प्रतिदिन करोड़ों यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुँचाने का कार्य करती है। न केवल यात्रा की सुविधा, बल्कि यात्रा के दौरान यात्रियों की आवश्यकताओं, सुझावों और समस्याओं का शीघ्र समाधान भी रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारतीय रेलवे ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 की सुविधा उपलब्ध कराई है।यात्री यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा, सेवा में कमी, सफाई, कैटरिंग, कोच की स्थिति, स्टेशन सुविधाएँ, समय-सारणी, टिकटिंग आदि से संबंधित शिकायतें 139 पर कॉल या **SMS** के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 139 का समन्वय **RailMadad** पोर्टल से किया गया है, जिससे दर्ज शिकायतें स्वचालित रूप से संबंधित विभाग को अग्रेषित हो जाती हैं और उनके निवारण की निगरानी की जाती है। हेल्पलाइन सेवा हिंदी, अंग्रेजी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिसमे यात्रियों को अपनी भाषा में सहायता प्राप्त करने में सुविधा होती है। यात्रा के दौरान चिकित्सा, **PNR** की जानकारी, ट्रेन की स्थिति, रिफंड संबंधी जानकारियाँ, ट्रेन रद्द/विलंब आदि जैसी सेवाओं की जानकारी भी 139 नंबर पर कॉल करके प्राप्त की जा सकती है। यह सेवा भारत के सभी मोबाइल नेटवर्कों पर उपलब्ध है।

## निवेश बढ़ाने के लिए रेपो दर में कटौती कोई 'जादू की गोली' नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि हाल के दिनों में केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती कोई 'जादुई की गोली' नहीं है जो एकदम से निवेश को बढ़ावा दे। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में कई अन्य कारक भी भूमिका निभाते हैं। राजन ने कहा कि इस समय ब्याज दर बहुत ज्यादा नहीं हैं और आरबीआई की कटौती का असर दिखने में समय लगेगा। राजन ने बातचीत में कहा, ''... पहले उच्च ब्याज दर को लेकर एक तर्क था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि अब यह तर्क बना रह सकता है।'' राजन ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि आरबीआई द्वारा नीतिगत दर में कटौती निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई जादुई गोली साबित होगी। उल्लेखनीय है कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने छह जून को प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.5 प्रतिशत की कटौती की। इससे फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती हो चुकी है। इसके अलावा, नीतिगत रुख को उदार से बदलकर तटस्थ कर दिया गया।

## शब्द पहेली - 5935




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5934 का हल





न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 60, अब 40 हुए

# दिल्ली हाई कोर्ट को मिले 6 नए जज कॉलेजियम में भी जल्द होगा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाई कोर्ट में सोमवार को छह नए न्यायाधीशों ने पद की शपथ ली। जिससे अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित एक समारोह में इन छह नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले छह न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल, न्यायमूर्ति अरुण कुमार मोंगा और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं।




## एक न्यायमूर्ति चौधरी ने ली हिंदी में शपथ

न्यायमूर्ति चौधरी ने हिंदी में शपथ ली, जबकि अन्य पांच न्यायाधीशों ने अंग्रेजी में शपथ ली। न्यायमूर्ति साम्ब्रे इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय में कार्यरत थे, जबकि न्यायमूर्ति चौधरी एवं शुक्ला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कार्यरत थे। न्यायमूर्ति क्षेत्रपाल पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में और न्यायमूर्ति मोंगा राजस्थान उच्च न्यायालय में सेवाएं दे रहे थे। न्यायमूर्ति राव का तबादला कर्नाटक उच्च न्यायालय से दिल्ली किया गया है।

## न्यायाधीश बाखरू पदोन्नत

दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश विभु बाखरू को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने पर 16 जुलाई को विदाई दी गई। इस फेरबदल के परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय के तीन सदस्यीय कॉलेजियम का पुनर्गठन भी होगा। अब तक उच्च न्यायालय कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति बाखरू के अलावा न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह शामिल थीं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय, न्यायमूर्ति राव तथा न्यायमूर्ति साम्ब्रे शामिल होंगे क्योंकि वे न्यायमूर्ति सिंह से वरिष्ठ हैं। केंद्र सरकार ने 14 जुलाई को उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिशों के आधार पर इन छह न्यायाधीशों को उनके संबंधित उच्च न्यायालयों से दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की थी।

जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि गाय तो गाय ही होती है

ईश्वर सभी मनुष्यों के लिए समानः जस्टिस

# तिरुपति मंदिर में देसी गाय के दूध से बने प्रसाद... सुप्रीम कोर्ट में लगी अर्जी पर हुई दिलचस्प बहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश की पूजा और भोग प्रसाद में सिर्फ देसी नस्ल की गायों के दूध का इस्तेमाल करने की अर्जी दाखिल की गई। अर्जी में तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर संस्थान के प्रबंधक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को देसी गायों के दूध का इस्तेमाल करने का निर्देश देने की मांग की। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई से सिरे से ही इनकार कर दिया। हालांकि याचिकाकर्ता को यहां से याचिका वापस लेकर हाई कोर्ट जाने की छूट दे दी। इस दौरान बेंच और वकील के बीच दिलचस्प बहस हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश ने टिप्पणी की, कि गाय तो गाय ही होती है। ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम साथी जीवों की सेवा करने में है न कि इन मुद्दों में पड़ने के लिए है। इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे समाज में मौजूद हैं।

ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम जीवों की सेवा करने में है न कि इन मुद्दों में पड़ने में



## वो दयालु और समदर्शी है

हम पूरे सम्मान के साथ आपको ये सब बता रहे हैं। इस पर याचिकाकर्ता वकील ने कहा कि आगम शास्त्रों के अनुसार भी इसमें भेद है। यह एक अनिवार्य परंपरा है। जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि यह वर्गीकरण केवल मनुष्यों के लिए है। वो भी भाषा, जाति, समुदाय, राज्य धर्म आदि के आधार पर किया गया है। ईश्वर सभी मनुष्यों के लिए समान है। दूसरे प्राणियों के लिए भी वो दयालु और समदर्शी है। उन्होंने कहा कि आप कह सकते हैं कि ईश्वर नहीं चाहते कि दूध देसी गाय दे या किसी और नस्ल की। ईश्वर के पास कुछ और होगा ही। हालांकि वकील की दलील थी कि भगवान की पूजा तो आगम शास्त्रों के अनुसार ही की जानी चाहिए।

## हाई कोर्ट जाने की अनुमति देंगे या यहीं खारिज करेंगे?

जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि आप जो भी अनुष्ठान करते हैं, वह ईश्वर के प्रेम का प्रतीक है। इससे बढ़कर कुछ नहीं है। फिर जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि हम आपको उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे या आपकी इस अर्जी को यहीं खारिज करेंगे। जस्टिस सुंदरेश ने पूछा कि क्या इसमें कोई कानूनी आदेश है? इस पर वकील ने कहा कि हमारी प्रार्थना दो संवैधानिक पीठ के फैसलों के अंतर्गत आती है। जस्टिस सुंदरेश ने पूछा कि क्या अब हम ये कहेंगे कि तिरुपति के लड्डू स्वदेशी होने चाहिए? पीठ ने कहा कि हमने वकील की बात सुन ली है। हम इस पर विचार नहीं करना चाहते हैं। आखिर में वकील ने कहा कि फिर हाई कोर्ट जाने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दें। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने की छूट दे दें।

# क्रिप्टो प्लेटफॉर्म क्वाइन डीसीएक्स हैक, पलक झपकते ही 378 करोड़ गायब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज काइनडीसीएक्स पर साइबर हमला हुआ है। इस हमले में कंपनी के खातों से 4.42 करोड़ डालर या 378 करोड़ रुपये की चोरी हुई है। कंपनी के संस्थापकों ने एक्सपोस्ट में भरोसा दिया है कि इस हमले से ग्राहकों का पैसा अप्रभावित और सुरक्षित है। यह चोरी केवल एक




आंतरिक परिचालन खाते तक सीमित रही है। कंपनी ने बताया कि शनिवार को भारतीय समयानुसार 19 जुलाई को सुबह चार बजे सुरक्षा प्रणालियों ने अपने एक खाते में अनधिकृत पहुंच का पता लगाया। कंपनी का कहना है कि खातों में जमा राशि को जोखिम मुक्त किया जा रहा है।

यह घटना एक बार फिर क्रिप्टोकरेंसी की अत्यधिक अस्थिर दुनिया में बढ़ते सुरक्षा खतरों पर प्रकाश डालती है। पिछले साल, भारत में क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स को हैक का सामना करना पड़ा था। इसमें 23 करोड़ डालर से अधिक का नुकसान हुआ था। यह भारत में इस तरह की सबसे बड़ी चोरी में से एक थी। हैकिंग को सबसे पहले जैक एक्सबीटी नाम के एक ब्लॉकचेन एनालिस्ट ने पकड़ा। जैक ने तुरंत टेलीग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलर्ट जारी किया।

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी का आरोप

# इजराइल ने किया सहायता मांग रही भीड़ पर हमला, 80 लोग मरे



एजेंसी ▶▶ दीर अल-बलाह

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि उसने सोमवार को टैंक, स्नाइपर और अन्य हथियारों का उपयोग करके मदद मांगने वाले सहायता मांगने वाले फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

## इजराइली सेना ने मौत के आंकड़ों पर सवाल उठाए

डब्ल्यूएफपी ने रविवार को एक बयान में उत्तरी गाजा में हिंसा की निंदा की। फिलिस्तीनी लोग भोजन लाने वाले ट्रकों के काफिले तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में 80 लोग मारे गए। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसने 'तत्काल खतरे को हटाने' के लिए चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं। सेना ने फिलिस्तीन की ओर से बताए गए मौत के आंकड़ों पर सवाल उठाए।

## मॉर्निंग वॉक के दौरान स्टालिन को चक्कर, एडमिट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को सोमवार सुबह चेन्नई के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि उन्हें सुबह की नियमित वॉक के दौरान हल्का चक्कर आया था। बयान में कहा गया है, 'तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को आज सुबह रूटीन मॉर्निंग वॉक के दौरान हल्की चक्कर आने की शिकायत हुई. उन्हें लक्षणों के मूल्यांकन और जरूरी डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई में भर्ती कराया गया



पीएम मोदी जाएंगे यूनाइटेड किंगडम

# भारत व ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को होंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्रा का मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस यात्रा में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस अवर पर पीएम के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रहेंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी।

छह मई को एफटीए पर पूरी हुई थी चर्चा लागू होने में लगभग एक साल लगेगा

## भारत-ईयू के बीच सितंबर में वार्ता

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में होगी। दोनों पक्षों के बीच वार्ता का 12वां दौर ब्रसेल्स में संपन्न हुआ था। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह समझौता रुक गया था। भारत और यूरोपीय संघ इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर 28 फरवरी को सहमति व्यक्त की थी।

## 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक होगा व्यापार

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। उम्मीद है कि इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।



चिंतन

# मुंबई ट्रेन धमाके के पीड़ितों को 'इंसाफ' अब भी बाकी

मुंबई ट्रेन धमाके के सभी आरोपी बरी हो गए। ट्रायल कोर्ट ने फांसी और उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन बंबई उच्च न्यायलय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। इस केस में एक आरोपी 2015 में ही सबूतों के अभाव में बरी हो गया था। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में आतंकियों सिलसिलेबार सात बम धमाके किए थे। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। बंबई उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को 'नकल' करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी 'बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से' दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। हाईकोर्ट का यह फैसला बताता है कि महाराष्ट्र एटीएस ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सोता रहा और सबूतों को पुख्ता करने पर ध्यान नहीं दिया। उच्च न्यायालय ने 671 पन्नों के अपने निर्णय में साफ कहा है कि 'किसी अपराध के वास्तविक अपराधी को सजा देना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश, कानून के राज को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम है। लेकिन किसी मामले को हल करने का झूठा दिखावा करना, यह दिखाना कि आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है, केवल एक भ्रमपूर्ण समाधान की भावना पैदा करता है।' ऐसा भ्रामक निष्कर्ष न केवल जनता के विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि समाज को झूठी तसल्ली देता है, जबकि असली खतरा अब भी आज़ाद घूम रहा होता है। यक्ष प्रश्न अब भी वहीं है कि आखिर मुंबई ट्रेन धमाके के असली गुनहगार कौन हैं? सैकड़ों पीड़ितों को इंसाफ कब मिलेगा? सच तो यही है कि धमाके किए गए थे, तो इस अपराध को किसी ने अंजाम दिया होगा, जिनको एटीएस ने पकड़ा, ट्रायल कोर्ट ने सजा दी, वे अगर हाई कोर्ट में बरी हो गए तो फिर असल अपराधी कहां हैं? क्या आतंकवादी घटना की जांच एटीएस इस लापरवाही से करेगी? महाराष्ट्र सरकार ने बेशक कहा है कि वह इस फैसले का अध्ययन कर आगे की कार्यवाही करेगी, लेकिन हाईकोर्ट के फैसले महाराष्ट्र एटीएस की पूरी जांच प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है।



मानसून सत्र
राज कुमार सिंह

# पक्ष-विपक्ष की मानसूनी परीक्षा

रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। संसद का मानसून सत्र एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

आम तो संसद का कोई सत्र नहीं होता, पर सोमवार से शुरू हो रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। संसदीय कामकाज के आंकड़े जो भी कहें, पर सत्तापक्ष का आत्मविश्वास और आक्रामकता लौट आने के बावजूद विपक्ष के तेवर बजट सत्र में ढीले तो हरगिज नहीं थे। अब जबकि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। जिन परिस्थितियों में पाक-प्रायोजित आतंकी पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की हत्या कर भागने में सफल हो गए और फिर जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर से शुरू भारत-पाक संघर्ष में अचानक विराम का श्रेय लेने के दावे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किए, उस पर चर्चा के लिए विपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। विपक्ष ने अतीत के उदाहरण भी दिए थे। सरकार ने संसद में चर्चा का सही समय न होने का तर्क देते हुए उस मांग को न सिर्फ ठुकरा दिया, बल्कि विपक्ष के राष्ट्र प्रेम पर सवाल भी उठाए। हां, उसी के चलते संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का ऐलान अवश्य 47 दिन पहले ही कर दिया, जो एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में ज़ुबानी जंग हो चुकी है।

कमोवेश इसी समय संसद का मानसून सत्र हर वर्ष होता है, इसलिए सरकार की विधायी कार्यों की अपनी तैयारी है। सरकार आठ महत्वपूर्ण विधेयक पेश और पारित कराने का इरादा रखती है, जिनमें लंबे अरसे से जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी विधेयक भी शामिल है। लगता है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा वहां अभी तक अपना घर भी दुरुस्त नहीं कर पाई है। अनुभव बताता है कि संसदीय गतिरोध के बावजूद सरकारें विधायी कार्य निपटाने का रास्ता निकाल ही लेती हैं, लेकिन पहलगाम से लेकर बिहार में विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण तक विपक्ष के तरकश में मौजूद मुद्दों के तीर उसकी मुश्किलें अवश्य बढ़ाएंगे। दशकों से आतंकवाद ग्रस्त कश्मीर के पहलगाम सरीखे प्रमुख पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था न होने पर उठे सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। बेशक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने समेत कई बड़े कदम पाकिस्तान के विरुद्ध उठाए। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त करते हुए उसकी सेना को भी कड़ा सबक सिखाया, लेकिन अपनी सेना की बढ़त के बावजूद अचानक संघर्ष विराम से उठे सवाल भी अनुत्तरित हैं। विदेश मंत्रालय के खंडन के बावजूद ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट कह चुके हैं कि पाकिस्तान से जुड़े मामलों में भारत ने न तो कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार की है और न ही कभी करेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रंप और मोदी की मुलाकात होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी लौट जाने के चलते नहीं हो पाई। बाद में फोन पर हुई बातचीत में ट्रंप ने मोदी को वापसी में अमेरिका आने का न्योता दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने पूर्व निधारित कार्यक्रमों के चलते असमर्थता जता दी। उसी फोन वार्ता में मोदी ने पाक से जुड़े मामलों पर भारत की परंपरागत नीति दोहरायी।



तर्क दिया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के बाद संघर्ष विराम के श्रेय संबंधी विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए, लेकिन चुनाव केंद्रित राजनीति में ऐसा होता नहीं है। इसलिए विपक्ष मानसून सत्र में पहलगाम में सुरक्षा संबंधी चूक से लेकर अचानक संघर्ष विराम तक हर मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को क्षति की अटकलों का हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खंडन कर चुके हैं, लेकिन 'पांच युद्धक विमान गिरे' जैसे ट्रंप के अस्पष्ट बयान के बाद विपक्ष के रुख से लगता है कि यह सवाल सरकार से संसद के अंदर भी पूछा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के समय जिस तरह चीन, तुर्की और अजरबैजान, पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आए तथा रूस और इजरायल के अलावा किसी बड़े देश ने भारत के प्रति समर्थन नहीं जताया, उसे ले कर विदेश नीति पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए। अपने देश में विदेश नीति पर राजनीतिक सहमति की परंपरा रही है, लेकिन अब वह इतिहास की बात बनती दिख रही है। ऑपरेशन सिंदूर से शुरू संघर्ष में पाकिस्तान द्वारा बड़े पैमाने पर चीनी हथियारों के इस्तेमाल का खुलासा हुआ था। उसी चीन से रिश्ते सुधारने विदेश मंत्री जयशंकर यात्रा पर गए। उस पर उठ रहे सवाल भी संसद में गूंजेंगे। पाकिस्तान के साथ अब चीन भी भारतीय विदेश नीति के लिए जटिल पहेली बनता जा रहा है। अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी रस्साकशी के मद्देनजर चीन से रिश्ते और भी संवेदनशील मसला है। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े इन मसलों पर विपक्षी हमलों से सरकार अपना बचाव कैसे करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठते सवाल अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही केंद्रित होते जा रहे हैं। मतदान समाप्ति के कई दिन बाद मत प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जारी करने और उसमें चौंकाने वाली वृद्धि पर उठते सवालों में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि पर सवाल भी जुड़ गए हैं, लेकिन तर्कसंगत जवाब नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले भारतीय चुनाव आयोग की साख पर देश में ही उठते सवाल दुखद हैं, लेकिन इनसे बचने की जिम्मेदारी उसी की है। इसी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से चंद महीने पहले बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से चुनाव आयोग ने विपक्ष को अपने विरुद्ध एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसमें दो राय नहीं कि अवैध मतदाता चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर ही सवाल हैं, लेकिन कम समय में पुनरीक्षण की जटिल प्रक्रिया से अगर वैध मतदाता भी मताधिकार से वंचित हो गए तो वह चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर बड़ा सवालिया निशान होगा। बेशक इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में 28 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन उससे पहले ही संसद में सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का जवाब देना पड़ सकता है। अगर आ पाया तो उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के विरुद्ध महाभियोग भी मानसून सत्र में बड़ा मुद्दा बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उम्मीद
अरविंद जयतिलक



# धन-धान्य योजना से संवरेगी कृषि

केंद्र सरकार की पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छह साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लॉन्ग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिये कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके माध्यम से किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार ने इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार किया है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपये प्रति क्विंटल था। आज बढ़कर 2425 रुपये हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है। इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपये था जो आज बढ़कर 2389 हो गया है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इसके लिए किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिये 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसका असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर चिंताएं दूर कर दी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक मदद 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में दी जा रही है। इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरूर की जानी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## श्रावण मास




## आज की पाती


### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा।

*-रवि शर्मा, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना सही कदम



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। मिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप सच बोलते हैं। 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' एक विदेशी आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए।'' समिति ने कहा, ''जब आप निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, तो आपको माफी नहीं मिलती, सजा मिलती है। यह बात साफ और स्पष्ट है कि यह (पहलगाम हमला) एक आतंकी हमला था।'' उसने 'एक्स' पर 22 अप्रैल के अपने एक पुराने पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें उसने पहलगाम हमले पर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर की कड़ी आलोचना की थी जिसका शीर्षक था: ''कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।''

## ऑफ बीट

### क्या पानी को एक से अधिक बार उबालना ठीक है



केतली लगभग हर घर में एक आवश्यक वस्तु है – इसके बिना हम गर्म पेय कैसे बनाएंगे? लेकिन क्या केतली में पिछली बार के बचे पानी को दोबारा उबालना ठीक है? हालांकि पानी को उबालने से वह कीटाणुरहित हो जाता है, लेकिन आपने सुना होगा कि पानी को एक से ज्यादा बार उबालने से वह हानिकारक हो जाता है और इसलिए आपको हर बार केतली खाली कर देनी चाहिए। ऐसे दावों के साथ अक्सर यह तर्क भी दिया जाता है कि दोबारा उबाले गए पानी में कथित रूप से खतरनाक पदार्थ जमा हो जाते हैं, जिनमें आर्सेनिक जैसी धातुएं या नाइट्रेट और फ्लोराइड जैसे लवण शामिल हैं। यह सच नहीं है। यह समझने के लिए आइए देखें कि हमारे नल के पानी में क्या है और उसे उबालने पर असल में क्या होता है। हमारे यहां नल से आने वाले पानी में क्या है? अगर आप इस पानी से चाय बनाते हैं, तो उसे दोबारा उबालने से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। जानिए क्यों। रसायनों के इतने कम स्तर को सांद्रित करना कठिन है। पानी में पदार्थों को सांद्रित करने के लिए, आपको कुछ तरल को वाष्पित करना होगा जबकि रसायन वहीं रह जाएंगे। पानी किसी भी तापमान पर वाष्पित हो जाता है, लेकिन ज़्यादातर वाष्पीकरण क्वथनांक पर होता है – जब पानी भाप में बदल जाता है।

## ट्रेंड

### रोजगार में अभूतपूर्व वृद्धि



प्रधानमंत्री मोदी के सुधारों से संचालित भारत का रोज़गार इंजन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है! ईपीएफओ ने मई 2025 में अब तक का सबसे ज़्यादा सदस्य जोड़ दर्ज किया है। मोदी के गतिशील नेतृत्व में औपचारिक रोज़गार पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व वृद्धि देख रहा है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### नोटिस दिया है



मैंने पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है। पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उसे अंजाम देने वाले आतंकी आज तक न पकड़े गए और न मारे गए।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### लोकतंत्र के द्वार बंद किए थे



स्वतंत्र, निडर और गरिमापूर्ण मतदान का अधिकार, जिसे आज हम सहजता से लेते हैं, एक समय बंगाल के लोगों को एक दमनकारी शासन के तहत नकार दिया गया था, जिसने असहमति को दबा दिया था और लोकतंत्र के द्वार बंद कर दिए थे।

-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल

### शब्द वापस नहीं लिए जा सकते



अगर आप फिसलकर गिर भी जाएं, तो आप हमेशा खुद को संभाल सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी से कुछ ग़लत कह देते हैं, तो आप माफ़ी मांग सकते हैं, लेकिन एक बार बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया जा सकता।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला क्रिकेट : सीरीज 1-1 की बराबरी पर, निर्णायक मुकाबले में भारत की इंग्लैंड से कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है।

### श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण

यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका।



**तीसरा और अंतिम वनडे आज, मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से होगा शुरू**

### असफल रहे भारतीय गेंदबाज

भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम. अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

### दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैंब, लिंसी स्मिथ।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप हॉकी के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।'

### द ओपन गोल्फः शीर्ष 35 में रहे भाटिया और राय

**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा।

### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी)।** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस



ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने कहा, 'मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी 'एस' प्रतियोगिता थी।

## चौथा टेस्ट ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में कल से होगा शुरू

# चोट ने बिगाड़ा भारतीय टीम का हाल, रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, नहीं खेल पाएंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।' अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

### ओल्ड ट्रैफर्ड में इंजीनियर और लॉयड के नाम के होंगे स्टैंड


भारत और इंग्लैंड के बीच यहां प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले चौथे टेस्ट के इतर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड के नाम स्टैंड (दर्शक दीर्घा) को दिए जाएंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड के नाम रखने का फैसला किया है।
इंजीनियर लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से खेले जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लॉयर्ड लगभग दो दशक तक क्लब के साथ रहे और क्लब के इतिहास में बहुमूल्य योगदान दिया। सूत्रों नेबताया कि स्टेडियम के नामकरण का समारोह 23 जुलाई के शुरू हो रहे टेस्ट



मैच के पहले दिन होगा। इंग्लैंड बेहद कड़े मुकाबलों के बाद पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। सूत्र ने कहा, 'यह क्लब के दोनों दिग्गजों के लिए उचित सम्मान है।' वर्ष 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर के लिए 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आने के बाद क्लब की किस्मत बदल दी। जब मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था लेकिन उन्होंने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीतने में टीम की मदद की। दिलचस्प बात यह है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला लेकिन वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है।

## चाइना ओपन

# विश्व चैंपियनशिप की तैयारी, कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी।

### फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगी सिंधु

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे।अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

## फिडे ने की घोषणा

# भारत 23 साल बाद करेगा चेस वर्ल्ड कप की मेजबानी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था।

### गुकेश, प्रज्ञानानंद और एरिगैसी लेंगे हिस्सा

आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर. प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, 'हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।'

### हरिका को हराकर दिव्या देशमुख सेमीफाइनल में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारत की प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हमवतन डी हरिका को टाईब्रेक में 2-0 से हराकर यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्लासिकल बाजी दो बार ड्रॉ होने के बाद रैपिड टाईब्रेक में हरिका पर दबाव था। दिव्या ने दृढ़ निश्चय के साथ पहली बाजी जीती जिससे हरिका पर काफी दबाव बन गया। दिव्या ने इसके बाद दूसरी बाजी भी जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। हरिका तीन अलग-अलग मौकों पर इसी तरह के प्रारूप में सेमीफाइनलिस्ट रही हैं जिसे तब विश्व महिला चैंपियनशिप कहा जाता था। हम्पी और अब दिव्या दो भारतीय बन गई हैं जिन्होंने महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता नए विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक भारतीय का प्रवेश पक्का हो गया है।

### 6 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को विश्व विश्वविद्यालय खेलों से प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली।** जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे। बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''यह केवल कुप्रबंधन नहीं है- यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया।'' उन्होंने लिखा, ''यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं।'' सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए बताया, ''हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।''

# मिचेल ओवन का धमाकेदार डेब्यू, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में दी मात

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी।

**पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 3 विकेट से दर्ज की जीत**



### ड्वारशुइस ने 36 रन देकर 4 विकेट झटके

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए। जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

## डीसी ओपन से वीनस विलियम्स करेंगी वापसी

# एक साल बाद फिर टेनिस कोर्ट में दिखेगा वीनस का जलवा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने कहा,'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'



**वीनस ने जीते सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब**

सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं।'

### वीनस ने आखिरी टूर्नामेंट मियामी ओपन मार्च 2024 में खेला था

वीनस ने कहा कि, हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, 'वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।' पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

# दो मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी को लगाई कड़ी फटकार, कहा-गाइडलाइन बनाए जाने की जरूरत

सीजेआई बोले-यह गलत भी है तो वकीलों को मुवक्किलों से बात करने का विशेषाधिकार

## कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को तलब कर ईडी ने सारी हदें पार कीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब करने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि ईडी 'सारी हदें पार कर रहा है'। न्यायालय ने इस संबंध में दिशानिर्देश बनाने की जरूरत भी रेखांकित की। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी विधिक पेशे की स्वतंत्रता पर इस तरह की कार्रवाइयों के प्रभावों पर ध्यान देने के लिए अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू की गई एक सुनवाई के दौरान की।

### एजेंसी कैसे जारी कर सकती है नोटिस

#### शीर्ष अदालत को यह बताया



शीर्ष अदालत को बताया गया था कि वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार जैसे विधिक पेशेवरों को हाल में ईडी द्वारा नोटिस जारी किया गया और इससे कानून के पेशे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'इस संबंध में दिशानिर्देश तैयार किए जाने चाहिए।' अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे को शीर्ष स्तर पर उठाया गया है और जांच एजेंसी को वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस जारी नहीं करने के लिए कहा गया है। वेंकटरमणी ने इससे पहले सुनवाई के आरंभ में कहा कि उन्होंने ईडी अधिकारियों से बात की है और वकीलों को समन भेजना गलत है। मेहता ने वेंटरमणी से सहमति जताते हुए कहा कि वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए तलब नहीं किया जा सकता।

#### मामले पर टिप्पणी

न्यायालय की टिप्पणी ईडी द्वारा वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किये जाने के बाद आई है। सीजेआई ने कहा, 'अगर यह गलत भी है तब भी एक वकील और मुवक्किलों के बीच का संवाद विशेषाधिकार प्राप्त संवाद होता है और उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं? इस संबंध में दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए।' 'वे (ईडी) सारी हदें पार कर रहे हैं।' जो गलत है।

सिद्धरमैया की पत्नी को समन भेजने पर खिंचाई कहा

## लड़ाई चुनाव तक तो ठीक, इसके लिए एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों किया गया?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को फटकार लगाते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जानी चाहिए, जांच एजेंसियों के जरिए नहीं। ईडी का इस तरह गलत इस्तेमाल क्यों हो रहा है? ये टिप्पणी सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने सोमवार को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड (एमयूडीए) केस में ईडी की अपील की सुनवाई के दौरान की। सीजेआई ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए। नहीं तो हम ईडी के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा, मेरे पास महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। आप देशभर में इस हिंसा को मत फैलाइए।

### ईडी का इस तरह इस्तेमाल क्यों हुआ

#### एक साल में ईडी को 5 बार लगी फटकार



एक साल में शीर्ष कोर्ट ईडी को पांच बार फटकार चुका है। 21 जुलाई को कानूनी सलाह देने वाले सीनियर वकीलों को ईडी के नोटिस पर कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया और तल्ख टिप्पणी की। 22 मई को तमिलनाडु शराब दुकान लाइसेंस मामले में तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन की याचिका पर जांच एजेंसी को फटकार लगाई थी। 5 मई को छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान खिंचाई की। 12 फरवरी को छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में फटकार लगाई।

#### यह था मामला

दरअसल, ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी बीएम पार्वती को एमयूडीए केस में समन भेजा था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मार्च में यह समन रद्द कर दिया था। ईडी ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आखिर में ईडी की अपील खारिज कर दी।

**क्या है एमयूडीए मामला**

साल 1992 में एमयूडीए ने रिहायशी इलाके विकसित करने के लिए किसानों से जमीन ली थी। इसके बदले एमयूडीए की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत जमीन मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी। मामले में सिद्धरमैया की पत्नी को एमयूडीए से मुआवजे के तौर पर मिले विजयनगर के प्लॉट की कीमत कसारे गांव की उनकी जमीन से बहुत ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### ट्रंप ने फेडरल चीफ की बर्खास्तगी वाली रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया। यह रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप को उनके ट्रेजरी सेक्रेटरी ने समझाया था कि फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल को हटाना शेयर बाजार के लिए नुकसानदायक होगा। ट्रंप ने इस खबर को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि डब्ल्यूएसजे ने एक और झूठी स्टोरी छापी है कि ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने मुझे समझाया कि पॉवेल को हटाने से बाजार गिर जाएगा।



### ब्रिटिश एफ-35बी विमान ठीक हुआ, जल्द लौटेगा

**कोच्चि।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग के बाद केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसा हुआ था। अब ये विमान उड़ान भरने और वापस ब्रिटेन जाने के लिए तैयार हो गया है। तकनीकी मरम्मत के लिए 6 जुलाई को आई 14 सदस्यीय इंजीनियर्स की टीम एयरबस ए400एम एटलस विमान से ब्रिटेन लौटेगी। जल्द ही एफ-35 फाइटर जेट भी ब्रिटेन वापसी के लिए टेक ऑफ करेगा। ब्रिटेन ने भारतीय अधिकारियों और हवाई अड्डा टीमों का आभार जताया है।



### नासा-इसरो उपग्रह निसार 30 जुलाई को होगा लॉंच

**बेंगलुरु।** श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से नासा-इसरो संयुक्त उपग्रह 'निसार' को 30 जुलाई की शाम पांच बजकर 40 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, जीएसएलवी-एफ16 सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को 743 किलोमीटर दूर सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित करेगा और इसका झुकाव 98.4 डिग्री होगा। निसार पहली बार स्वीपएसएआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, जिसके तहत 242 किलोमीटर के दायरे में पृथ्वी की निगरानी करेगा।



सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में प्रधानमंत्री मोदी ने कई सकारात्मक उपलब्धियों का जिक्र किया, बोले-बम और बंदूक पर संविधान की जीत हो रही

# संसद का मानसून सत्र 'विजयोत्सव' की तरह, हिंसा पर संविधान की जीत हो रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर अपेक्षित चर्चा के लिए सरकार का रुख तय करते हुए कहा कि यह सत्र ''विजयोत्सव'' की तरह है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि सभी संसद सदस्य इस भावना को एक स्वर में अभिव्यक्त करेंगे। सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में मोदी ने कई सकारात्मक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि ''बम और बंदूक पर संविधान की जीत हो रही है''। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और 'रेड जोन' धीरे धीरे 'हरित विकास क्षेत्र' में बदल रहा है। संसद का मानसून सत्र सोमवार (21 जुलाई) से आरंभ हुआ और 21 अगस्त तक इसकी कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह मानसून सत्र देश के लिए बेहद गर्व वाला सत्र है। यह 'विजयोत्सव' की तरह है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया। पूरी दुनिया ने हमारे सशस्त्र बलों का सामर्थ्य देखा।'' मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का पक्ष विभिन्न देशों में रखने गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की।

दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें

22 मिनट में आतंकियों को मारकर उनके ठिकानों को जमींदोज किया

देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का शिकार रहा है। चाहे आतंकवाद हो, नक्सलवाद हो। कोई शुरुआत में हुआ, कोई बाद में, आज नक्सलवाद-माओवाद का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है। इसे जड़ से उखाड़ने के संकल्प के साथ तेजी से कदम रख रहे हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं।



उन्होंने कहा ''मैं इन सभी सांसदों और पार्टियों की, राष्ट्र हित में किए गए इस काम के लिए सराहना करता हूं।'' मोदी ने कहा, ''सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है लेकिन दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें।'' उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादियों को मारकर उनके ठिकानों को जमींदोज कर दिया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत कम समय में ही भारत की सैन्य ताकत दिखाई दे गई और 'मेड इन इंडिया' के तहत देश में निर्मित सैन्य क्षमताओं की ओर दुनिया का ध्यान गया है।

### माओवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सरकार निर्णायक कार्रवाई कर रही

उन्होंने विश्वास जताया कि मानसून सत्र के दौरान सभी सांसद एकता और विजय की भावना के साथ भारत की सैन्य शक्ति, जन-प्रेरणा और 'मेड इन इंडिया' रक्षा क्षमताओं को मजबूती देने वाले इस भाव को मुखरता से प्रस्तुत करेंगे। मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इसने पूरी दुनिया को झकझोर दिया और आतंकवाद तथा उसके केन्द्र की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैंसरन घाटी में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। प्रधानमंत्री ने माओवाद और नक्सलवाद के खिलाफ अपनी सरकार की निर्णायक कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा, ''लाल गलियारे अब हरित विकास क्षेत्रों में बदल रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश में लंबे समय से नक्सलवाद रहा, लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद सिकुड़ रहा है और कल तक जो ''रेड कॉरिडोर'' थे वह आज ''ग्रीन, ग्रोथ जोन'' में परिवर्तित हो रहे हैं। सुरक्षा बल नक्सलवाद के उन्मूलन के लक्ष्य के साथ नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं।'

#### देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

मोदी ने कहा, ''मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि देश के कई जिले अब नक्सलवाद की पकड़ से बाहर आ चुके हैं और आजादी से सांस ले रहे हैं। हमारा संविधान जीत रहा है।'' प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में हुए आर्थिक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार ने कार्यभार संभाला था, तब भारत कमजोर पांच अर्थव्यवस्था में शामिल था, लेकिन आज देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कभी देश में महंगाई दर दोहरे अंकों में थी लेकिन आज यह दो फीसद के आसपास आ चुकी है और आम आदमी को राहत मिली है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को भरपूर बारिश से बढ़ावा मिल रहा है, साथ ही इस दशक में शांति और प्रगति के साथ-साथ कम मुद्रास्फीति और उच्च विकास दर रही है।

कांग्रेस नेता ने बोला तीखा हमला

## नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सदन में बोलने का अधिकार, अनुमति नहीं मिलती : राहुल



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा सत्तापक्ष के दूसरे लोगों को बोलने का मौका दिया गया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें सदन में बोलने का अधिकार है, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जाती है, जबकि सत्तापक्ष के लोगों को मौके मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के पहले दिन वह सदन में दो शब्द बोलना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा सत्तापक्ष के दूसरे लोगों को बोलने का मौका दिया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित होने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''सदन में रक्षा मंत्री को बोलने दिया जाता है, उनके (सत्तापक्ष के) लोगों को बोलने दिया जाता है। विपक्ष के लोगों को बोलने की अनुमति नहीं मिलती है। मैं नेता प्रतिपक्ष हूं, सदन में बोलना मेरा हक है। मुझे कभी बोलने नहीं दिया जाता। यह एक नया रवैया है।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष जिन मुद्दों को उठा रहा है, उन पर अनुमति मिलने के बाद चर्चा होगी। उन्होंने फिर दोहराया, ''परंपरा है कि अगर सरकार के लोग कुछ कहें तो हमे भी मौका मिलना चाहिए। मैं दो शब्द कहना चाहता था, लेकिन अनुमति नहीं दी गई।

#### सदन से दौड़कर निकल गए पीएम मोदी

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष कटाक्ष करते हुए कहा, ''वह एक सेकेंड में सदन से दौड़कर निकल गए।'' प्रधानमंत्री मोदी मानसून सत्र के पहले दिन कार्यवाही आरंभ होने पर सदन में मौजूद थे। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग उठाई।

अंग्रेजों के मूल कानून के स्थान पर नया कानून बनाए जाने का प्रावधान

## संसद ने पोत परिवहन क्षेत्र से संबंधित वहन-पत्र विधेयक को मंजूरी प्रदान की

### चर्चा के बाद ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी, विपक्ष नहीं था मौजूद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद ने सोमवार को पोत परिवहन क्षेत्र से संबंधित 'वहन-पत्र विधेयक 2025' को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसमें अंग्रेजों के जमाने के मूल कानून के स्थान पर नया कानून बनाए जाने का प्रावधान है। राज्यसभा ने सोमवार को चर्चा के बाद ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। उच्च सदन में इस विधेयक पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस विपक्ष के सदस्य मौजूद नहीं थे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सदन से बहिर्गमन किया था। सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि मंत्रालय ने 10-11 साल में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

#### मंत्रालय ने उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की



*सोनोवाल ने कहा कि इस मंत्रालय की कामयाबी न सिर्फ भारतीय एजेंसी बल्कि विदेशी और निष्पक्ष एजेंसियों के आंकड़ों से भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि 'कार्गो हैंडलिंग' का विषय हो या तटीय सामुदायिक विकास का क्षेत्र, उनके मंत्रालय ने उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय अंतरदेशी जलमार्गों के विकास पर भी जोर दे रहा है।*

#### व्यापार को बढ़ाने में मिलेगी मदद

*सोनोवाल मंत्री ने कहा कि 1856 के मूल कानून के स्थान पर नया कानून बनाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए इस विधेयक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अंग्रेजों ने अपने हिसाब से मूल कानून बनाया था और उसमें बदलाव कर उसे भारतीय हितों के अनुकूल बनाया गया है।*

#### 1.73 लाख हेक्टेयर वन भूमि परियोजनाओं के लिए दी गई : सरकार

पर्यावरण मंत्रालय ने सोमवार को संसद को बताया कि वर्ष 2014 से 2024 तक पूरे भारत में 1.73 लाख हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की मंजूरी दी गई है, जिनमें खनन और जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1,73,984.3 हेक्टेयर वन भूमि को हस्तांतरित करने को मंजूरी दी गई थी।

## ममता ने 2026 चुनाव का बिगुल फूंका, भाजपा के 'भाषाई आतंकवाद' के खिलाफ 'भाषा आंदोलन' का आह्वान किया

### भाजपा के चुनाव हारने तक पहचान और भाषा की लड़ाई जारी रहेगी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 'बंगाली अस्मिता' (गौरव) के मुद्दे को तेज करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बंगालियों के खिलाफ भाषायी आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव हारने तक पहचान और भाषा की लड़ाई जारी रहेगी। कोलकाता में शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए ममता ने 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को हराने और अंततः इसे केंद्र की सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया।

#### हमारा विरोध आंदोलन नई दिल्ली तक पहुंचेगा



उन्होंने कहा, ''अगर भाषा के आधार पर भेदभाव (भाषायी प्रोफाइलिंग) नहीं रुका, तो हमारा विरोध आंदोलन नयी दिल्ली तक पहुंचेगा।'' तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने घोषणा की, अगर जरूरत पड़ी, तो बांग्ला भाषा पर भाजपा के आतंकवाद के खिलाफ दूसरा भाषा आंदोलन शुरू करेंगे... 27 जुलाई से बंगाल में बंगालियों, बांग्ला भाषा पर हमले और 'भाषा संत्रास' के विरोध में एक आंदोलन शुरू होगा। पहला भाषा आंदोलन 1952 में तत्कालीन पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) में हुआ था।

#### बंगाली पहचान को हाशिये पर डालने का लगाया आरोप

संयुक्त राष्ट्र ने बांग्ला भाषा आंदोलन के सम्मान में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में घोषित किया था। ममता ने इस आंदोलन को बंगाली पहचान को कथित तौर पर हाशिये पर डाले जाने के खिलाफ एक बड़े प्रतिरोध के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, हमें 2026 के विधानसभा चुनावों में अधिक सीटें जीतनी होंगी।

## भाजपा सांसदों ने राज्यसभा में जब अपनी सरकार को घेरा हर सवालों का नागरिक उड्डयन मंत्री ने दिया तार्किक जवाब

### डीजीसीए में नए पद मोदी सरकार ने सुरक्षित हवाई सेवा के लिए किए सृजित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में मॉनसनू सत्र के पहले ही दिन नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू रामोहन नायडू सदन की कसौटी पर थे। प्रश्नकाल चल रहा था। पहला सवाल बिहार के भाजपा सांसद भीम सिंह ने पूछा। भीम सिंह भाजपा से हैं लेकिन सवाल उनके विपक्ष से भी थे। उन्होंने मंत्री से पूछा कि जब पटना हवाई अड्डा से कोई अंतर्राष्ट्रीय उडान नहीं है तो हवाई अड्डे का नाम पटना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा क्यों रखा गया है? जवाब में नागरिक उड्डयन मंत्री ने माना कि पटना हवाई अड्डा से अंतर्राष्ट्रीय उडान संभव नहीं क्योंकि वहां की हवाईपट्टी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है।

#### पटना हवाई अड्डे पर विस्तार नहीं किया जा सकता

उन्होंने दो टूक कहा कि पटना हवाई अडडे का विस्तार भौगोलिक कारणों से नहीं किया जा सकता। एक तरफ रेलवे लाइन है। दूसरी तरफ क्लॉक टावर है। तीसरी तरफ जूलॉजिकल पार्क है। इसीलिए नये हवाई अड्डे पर विचार चल रहा है। उसके बाद भी सांसद को समझाने के लिए मंत्री ने कहा कि आशियान देशों की उडान पटना हवाई अड्डे से की जा सकती है अगर संबंधित देशों की हवाई कंपनियां भारत सरकार से बातचीत करें तो उनकी मांगों के अनुरूप पटना हवाई अड्डे को कैसे आकार दिया जा सकता है इस पर विचार किया जा सकता है। विदित हो कि पटना हवाई अड्डे का रन`-वे महज 1670 मीटर का है जब कि अंतर्राष्ट्रीय उडानों के लिए रन-वे की लंबाई 2500 मीटर होनी चाहिए। एक सांसद ने मंत्री से पूछा कि गत दिनों पटना हवाई अड्डा पर एक जहाज हवाई पट्टी के बाहर जाकर रुका था।

## असम का दौरा कर बाढ़ व सूखा प्रभावित किसानों से मिलेंगे शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- केंद्रीय कृषि मंत्री ने असम के लिए राजमा, मसूर, अरहर, सूर्यमुखी की उपयुक्त वैरायटी अधिसूचित करने के दिए निर्देश

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में असम के कृषि, बागवानी, पशुपालन, पशु चिकित्सा मंत्री अतुल बोरा ने मुलाकात की। असम के मंत्री बोरा के साथ बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने उनसे वहां हाल ही में कुछ जिलों में आई बाढ़ से प्रभावित किसानों के बारे में पूछा और कहा कि मैं जल्द ही असम के इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आऊंगा, ताकि वहां के किसानों की पीड़ा को सुन-देख सकूं। उन्होंने कहा कि असम के कुछ जिलों में बाढ़ आई, वहीं कुछ अन्य जिलों में सूखे की स्थिति का सामना भी हाल ही में किसानों ने किया है, मैं इन दोनों समस्याग्रस्त इलाकों का दौरा करूंगा। शिवराज सिंह ने राज्य के किसानों के हित में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को निर्देशित किया कि वो असम के हिसाब से उपयुक्त राजमा, मसूर, अरहर, सूर्यमुखी, चारा-मक्का, लहसुन, प्याज की वैरायटी को अधिसूचित करें।

इंजीनियर्स ने स्वदेश में डिजाइन के साथ किया युद्धपोत का निर्माण

## पनडुब्बी रोधी युद्ध में मददगार 'अजय' युद्धपोत का जलावतरण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा स्वदेश में डिजाइन के साथ निर्मित 'यार्ड 3034 यानी अजय' युद्धपोत का सोमवार को जलावतरण (लांच) किया गया। जो उथले जल में पनडुब्बी रोधी युद्ध कौशल (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) में बेहद मददगार साबित होगा। यही इसकी मूल श्रेणी भी है। जानकारों का कहना है कि जलावतरण के बाद भविष्य में इस युद्धपोत को विभिन्न प्रकार के परीक्षणों (समुद्री परीक्षण भी शामिल) से गुजरना पड़ेगा। जिनके बाद ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह युद्धपोत नौसेना में पूरी तरह से रणनीतिक संचालन के लिए तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर भारत-पाकिस्तान के मध्य बने हुए तनावपूर्ण हालात और चीन की चुनौती के बीच अजय युद्धपोत के जरिए आगामी वक्त में नौसेना की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। नौसेना ने 21 जुलाई को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

#### युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री

नौसेना ने कहा कि यह युद्धपोत पनडुब्बी रोधी युद्ध कौशल से जुड़ी हुई श्रेणी का आठवां और अंतिम युद्धपोत है। जिसे स्वदेशी ढंग से डिजाइन के साथ जीआरएसई ने बनाया है। अजय युद्धपोत के जलावतरण का यह क्षण भारतीय नौसेना के जहाज निर्माण, हथियार, सेंसर और उन्नत संचार-इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बनी हुई प्रतिबद्धता का साक्षात प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसमें 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25